राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का कार्यवृत

पोसोको कार्यालय मे दिनांक 26.03.2014 को प्रात: 11.00 बजे राजभाषा कार्यान्वयन समिति की चतुर्थ बैठक मुख्य कार्यपालक अधिकारी(पोसोको) की अध्यक्षता में प्रथम तल पर स्थित टुलिप सम्मेलन कक्ष में हुई जिसमे पोसोको कार्यालय व राष्ट्रीय भार प्रेषण केन्द्र के निम्नलिखित अधिकारियों ने भाग लिया।

राजभाषा कार्यांवयन समिति के सदस्य

श्री एस के सोनी, मु.कार्यपालक अधिकारी, अध्यक्ष

श्री वी के अग्रवाल, सदस्य

श्री के वी एस बाबा, सदस्य

श्री आर के बंसल, सदस्य

श्रीमति मीनाक्षी गर्ग, सदस्या

श्री एस बडपंडा, सदस्य

श्री ए के मारवाह, सदस्य

श्री समीर सक्सेना, सदस्य,

श्री सुकांत मैत्रा

श्री अनिल मेहता, नोडल अधिकारी(राजभाषा)

1.0 सर्वप्रथम श्री अशोक मारवाह, मुख्य प्रबंधक (मानव संसाधन विभाग) ने अध्यक्ष महोदय व सभी सदस्यों का राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में पधारने पर हार्दिक स्वागत किया व पिछली तिमाही में लिए गए निर्णयो पर किए गए कार्यों जैसे डीजी बोर्ड का आगुंतक कक्ष पर लगवाया जाना व 25 मार्च 2014 को कवि सम्मेलन का सफलतापूर्वक आयोजन, के बारे में अध्यक्ष महोदय व सभी सदस्यों को अवगत कराया और संयुक्त निदेशक(राजभाषा) द्वारा पोसोको कार्यालय के किए गए निरीक्षण व उनके राजभाषा हिन्दी में कार्य को बढ़ाने हेतु दिए गए सुझावों के बारे में भी बताया |

2.0 अध्यक्ष महोदय ने गत बैठक की समीक्षा की और कहा कि राजभाषा हिन्दी में कार्य को बढ़ाया जाए व मंत्रालय, केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण और कैंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग को पत्र हिन्दी में भेजे जाएँ | व सभी कार्मिकों को राजभाषा हिन्दी में कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया जाए |

3.0 श्री के वी एस बाबा, सदस्य ने भी सुझाव दिया कि राजभाषा हिन्दी में कार्य करने हेतु पुरस्कारों के बारे में सभी कार्मिकों को पुन: सूचित किया जाए जिससे कार्मिक, राजभाषा हिन्दी में कार्य करें।

4.0 अंत में मुख्य प्रबंधक(मा.सं) ने राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में आने पर अध्यक्ष महोदय व अन्य सभी सदस्यों को हार्दिक धन्यवाद दिया।

अवलोकानार्थ व अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

(अनिल मेहता)

कार्यपालक सचिव(मा.सं)

31. मार्च 2014

~~मुख्य प्रबंधक(मा.सं)~~ अशोक मारवाह 31/3/14

कार्यपालक निदेशक (रा.भा.प्रे.कें.)

मुख्य कार्यपालक अधिकारी(पोसोको)

सोनी 2/4/14

31.3.14

का-नि.

CM(HR) 8-4-14

श्री अनिल मेहता

अशोक मारवाह 8/4/14